● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDERNEWSMIRROR BNM to the point...



02 लालू परिवार की महिलाओं ने करोड़ों रुपये की जमीन दान में क्यों ली और फिर बेची क्यों

03 सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण: जिलाधिकारी



# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं






● पटना, गुरुवार, 11 जनवरी 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 04, अंक: 326


## रिलायंस, एचसीएल और टाटा मोटर्स ने बाजार को दी रफ्तार

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार कि बदौलत शेयर बाजार में आ लगातार दूसरे दिन भी तेजी बरकरार रही.

शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 271.50 अंक की छलांग लगाकर 71,657.71 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.85 अंक की तेजी के साथ 21,618.70 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत की बढ़त लेकर 37,490.53 अंक और स्मॉलकैप 0.35 प्रतिशत चढ़कर 43,972.73 अंक पर पहुंच गया.

# इम्फाल से ही शुरु होगी राहुल की यात्रा

## केसी वेणुगोपाल व संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने दी जानकारी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर की राजधानी इम्फाल के पैलेस ग्राउंड से शुरु करने की इजाजत नहीं मिलने के बावजूद श्री गांधी निर्धारित तिथि पर इम्फाल से ही अपनी यात्रा शुरु करेंगे।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इम्फाल के पैलेस ग्राउंड से 14 जनवरी को यात्रा शुरु करने की बराबर इजाजत मांगी जा रही है लेकिन प्रशासन ने इस मैदान में यात्रा के लिए आयोजन शुरु करने की इजाजत देने से मना



कर दिया है। उन्होंने इसे राजनीतिक से प्रेरित फैसला बताया लेकिन कहा कि यात्रा 14 जनवरी को शुरु होगी और मणिपुर की राजधानी इम्फाल से ही आरंभ होगी। यात्रा शुरु करने के लिए दूसरी जगह की तलाश का काम शुरु कर दिया गया है। उनका कहना था मणिपुर को लेकर इस यात्रा में कुछ भी विशेष नहीं है। यात्रा पूरब से पश्चिम की है इसलिए मणिपुर से शुरु कर महाराष्ट्र तक की यात्रा करने का फैसला लिया गया है।

कांग्रेस नेता यह बहुत बड़ी और बहुत सफल यात्रा होगी। यात्रा बहुत बड़े स्तर पर होगी जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग जुड़ेंगे। यह पूछने पर कि क्या पैलेस ग्राउंड से यात्रा शुरु करने की इजाजत राजनीतिक कारणों से नहीं दी जा रही हे तो उन्होंने कहा कि यही सच्चाई है।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा को लेकर अलग से वेबसाइट शुरु की गई है और पम्पलेट जारी किया गया है जिसमें यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। इसके अलावा इस यात्रा में न्याय योद्धा कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। न्याय योद्धा एक तरह के स्वयं सेवक होंगे और एक नम्बर पर मिस्ड काल देकर न्याय याद्धा बनने का कार्यक्रम तय किया गया है।

# स्मृति ईरानी का तीखा वार बोलीं, कांग्रेस का श्रीराम विरोधी चेहरा हुआ उजागर

बीएनएम@पटना

भाजपा की वरिष्ठ नेता और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी बुधवार को पटना पहुंची. जहां उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और यूपीए सरकार के साथ-साथ इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा. कांग्रेस द्वारा राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने को लेकर उन्होंने कहा कि यह अब साबित हो गया है कि उनकी राम में आस्था नहीं है. निमंत्रण ठुकराने से कांग्रेस का राम विरोधी चेहरा उजागर हो गया है.

वहीं पीएम मोदी की तारीफ करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी विकास के लिए बेकरार हैं. वो गरीबों के उत्थान के लिए बिना रुके थके काम कर रहे हैं, जिसका नतीजा है कि वर्ष 2015-2021 के बीच देश के 13.50 करोड़ गरीबी से बाहर आये है. वहीं, 10 करोड़ गरीबों के घर में गैस पहुंची है.



### 50 करोड़ की आबादी को मिला आयुष्मान योजना का लाभ

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री बुधवार को पटना में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित मीडिया कार्याशाला को संबोधित कर रही थी. जहां उन्होंने कहा कि देश के कुछ लोग हैं जिन्हें छींक भी आ जाए तो वे इलाज के लिये हवाइ जहाज से विदेश जाते हैं, लेकिन मोदी जी ने देश की 50 करोड़ की आबादी को आयुष्मान योजना के बेहतर इलाज करवाने की व्यवस्था की है.

### विपक्षी पार्टियां जाति के नाम पर करती है राजनीति

स्मृति ईरानी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां जाति के नाम पर केवल राजनीति करती है, कांग्रेस नीत यूपीए सरकार में पिछड़ वर्ग के कल्याण पर केवल 34000 करोड़ खर्च की गयी थी, जबकि भाजपा शासन काल में यह राशि बढ़कर 1.60 लाख करोड़ हो गयी है. उन्होंने पार्टी के मीडिया प्रभारियों से कहा कि प्रधान सेवक मोदी का संकल्प जन-जन तक पहुंचाना है और लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजयी दिलवाना.

### कांग्रेस का प्रभु राम विरोधी चेहरा राष्ट्र के सामने आ गया

सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी समेत विपक्षी नेताओं द्वारा राम मंदिर उद्घाटन का आमंत्रण ठुकराने को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यह अब साबित हो गया है कि उनकी राम में आस्था नहीं है. निमंत्रण ठुकराने को लेकर कांग्रेस का राम विरोधी चेहरा उजागर हो गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रभु राम विरोधी चेहरा राष्ट्र के सामने आ गया है. जिस सोनिया जी के नेतृत्व में जिस पार्टी ने कोर्ट में हलफनामा दिया था कि राम का कोई अस्तित्व नहीं है।

### इंडी एलाएंस को स्मृति ईरानी ने बताया सनातन विरोधी

उन्होंने कहा कि इंडी एलाएंस में सोनिया जी के नेतृत्व में बार बार सनातन विरोधी बयान दिए, अब उनका राम मंदिर के उद्घाटन का आमंत्रण ठुकराने के बाद राम विरोधी चेहरा सामने आ गया है. मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और एमएलसी संजय मयूख, उपाध्यक्ष डॉ.भीम सिंह और मनोज शर्मा आदि उपस्थित थे।


**शुरुआत** अडानी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियां पैदा होंगी

# गुजरात में 1 लाख नौकरियां, 2 लाख करोड़ का निवेश: अडानी

बीएनएम@नई दिल्ली

उद्योगपति गौतम अडानी ने बुधवार (10 जनवरी 2024) को गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा की। इसमें मुख्य रूप से एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के यहां आयोजित 10वें संस्करण में अडानी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियां पैदा होंगी।

उन्होंने कहा कि पिछले शिखर सम्मेलन में 55,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जिसमें से 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश समूह कर



चुका है।

अरबपति कारोबारी अडानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (Prime Minister Narendra Modi) की भी तारीफ की। उन्होंने आगे कहा, '2014 के बाद से भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में 185 प्रतिशत की ग्रोथ और प्रति व्यक्ति आय में 165 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो भू-राजनीतिक और वैश्विक महामारी (कोरोना) संबंधी चुनौतियों को देखते हुए अद्वितीय है।'

अडानी ने अंतरराष्ट्रीय सतर पर पीएम मोदी की उपलब्धियों की भी सराहना की। गौतम अडानी ने कहा, 'आप हमें ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर अपनी आवाज उठाने वाले प्लेटफॉर्म से ग्लोबल प्लेटफॉर्म बनाने वाले राष्ट्र तक ले गए हैं।' आदरणीय प्रधानमंत्री, आप ना केवल भविष्य का सोचते हैं बल्कि इसे आकार भी देते हैं। आपने भारत को दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ते हुए राष्ट्र के तौर पर पुनर्स्थापित किया है। और वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व गुरू के दर्शन के साथ ग्लोबल सोशल चैंपियन बनाया है।

## मंदिर उद्घाटन में शामिल नहीं होंगे कांग्रेस नेता

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी नेतृत्व को अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने का आमंत्रण मिला है लेकिन यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ( आरएसएस) कर रहा है इसलिए पार्टी नेताओं ने इस कार्यक्रम में नहीं जाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, " कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन का निमंत्रण मिला। भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है लेकिन भाजपा और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR) Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# आर्थिक अपराध किए जाएंगे तो ईडी जाएगी: नित्यानंद

## देश में अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग कानून नहीं हो सकता, दिक्कत है तो ईडी से पूछे

बीएनएम@पटना

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को लालू परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि जहां कदाचार होगा भ्रष्टाचार होगा, सत्ता का और पावर का दुरुपयोग करके आर्थिक अपराध किए जाएंगे तो वहां ईडी जाएगी ही।

लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में ईडी ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव समेत सात लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर



दिया है। लालू परिवार पर कसते शिकंजे पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि जितनी भी कानून के हिसाब से काम करने वाली स्वतंत्र संस्थाएं हैं वो अपना काम करती हैं। ईडी अपना काम कर रही है और किसी को लगता है ईडी क्यों आ रही है तो ईडी का जो काम है वह कर रही है। कानून सबके लिए बराबर है। देश में अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग कानून नहीं हो सकता।

ममता बनर्जी को लेकर नित्यानंद राय ने कहा ममता बनर्जी ही नहीं पूरा घमंडिया गठबंधन घबराया हुआ है। इन लोगों के नीति में हिंदुओं का विरोध करके, सनातन का विरोध करके, तुष्टिकरण की नीति से वोट को इकट्ठा कर अपने सत्ता को बरकरार रखना है। अब ऐसे विभेद पैदा करने वाले लोगों की दुकान बंद होने वाली है, राजनीति समाप्त होने वाली है।

नित्यानंद राय ने कहा आज सब लोग समझ रहे हैं कि अब वैसी राजनीति नहीं चलेगी जिसमें तुष्टिकरण की नीति होगी। भगवान राम का मंदिर बन रहा है 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मंदिर का उद्घाटन भी होगा।

मोदी काल में राम मंदिर भी बना, गरीबों के घर भी बना,शौचालय भी बना, स्कूल भी खुले, अस्पताल भी खुले।

नित्यानंद राय ने कहा गरीबी मिट रही है लोगों के घर में खुशियां पहुंच रही हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि मंदिर के नाम पर भाजपा राजनीति कर रही है, आखिर मंदिर के नाम पर भाजपा क्यों राजनीति करेगी।

# भगवान राम को हाइजैक करना चाहती है भाजपा : श्रवण कुमार

### सीट बंटवारे का काम स-समय पूरा कर लिया जायेगा - सुनील कुमार

बीएनएम@पटना

बिहार सरकार में जदयू कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को कहा कि भाजपा के लोग भगवान राम को हाइजैक करना चाहते हैं। भगवान राम के नाम पर लोकसभा सीट जीतना चाहते हैं और चुनाव के बाद ये लोग घर बैठ जाएंगे। इन्हें न भगवान राम से मतलब है और ना ही देश की जनता से।

पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार मॉडल को पूरा देश मानता है। नीतीश कुमार ने जो काम किया है उसका अनुसरण अन्य प्रदेशों की सरकारें भी करती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी महिला सशक्तिकरण के संबंध में नीतीश कुमार की प्रशंसा कर चुके हैं।

मौके पर मौजूद मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि 13 जनवरी को एक बार पुन : एक लाख से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा।

पत्रकार बंधुओं को जोर-शोर से इसका प्रचार प्रसार करना चाहिए। इसके साथ ही अन्य विभागों में भी बड़े पैमाने पर बहाली की प्रक्रिया चल रही है। हमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने बेरोजगारी को खत्म करने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

सुनील कुमार ने कहा कि सीट बंटवारे का काम स-समय पूरा कर लिया जाएगा। शराबबंदी को लेकर राज्य सरकार डोर टू डोर सर्वे करवाएगी। अगले 10 से 15 दिनों में सर्वे एजेंसी का चयन कर लिया जाएगा।

# लालू परिवार की महिलाओं ने करोड़ों रुपये की जमीन दान में क्यों ली और फिर बेची क्यों: सुशील मोदी

पटना। पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को कहा कि लालू परिवार की महिलाओं ने करोड़ों रुपये की जमीन दान में क्यों ली और फिर बेची क्यों। उन्होंने कहा कि नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और दो बेटियों पर ईडी ने जब मनी लांड्रिंग के पुख्ता सबूत मिलने पर आरोप-पत्र दायर किया है तब आरोपितों की ओर से राजनीतिक जवाब देने का कोई मतलब नहीं है।

सुशील मोदी ने कहा कि जो लोग काले धन को छिपाने या उसे वैध सम्पत्ति दिखाने (मनी लांड्रिंग) का अपराध करने वालों को पीड़ित बताने के लिए घर की महिलाओं को फंसाने का विलाप कर रहे हैं, वे बताएं कि इन महिलाओं ने रेलवे में चौथी श्रेणी की नौकरी पाने वाले हृदयानंद चौधरी से 60 लाख की



कीमती शहरी जमीन दान में क्यों ले ली?

उन्होंने कहा कि हृदयानंद चौधरी ने पटना के पास दानापुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत महुआ बाग की 3,375 वर्गफीट भूमि तेजस्वी यादव की पांचवीं बहन हेमा यादव को मुफ्त में दान क्यों कर दी ? इस महान दानी ने हेमा यादव को ही क्यों भूमिदान के योग्य समझा? क्यों चौधरी ने ही स्टाम्प ड्यूटी के तौर पर 6.28 लाख रुपये भी स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में जमा कराये?

मोदी ने कहा कि राजद के प्रवक्ताओं को इन सवालों का जवाब देना चाहिए जबकि वे आरोपित को प्रताड़ित बताने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी और हेमा यादव को जो जमीन दान में मिली, उसे राजद के एमएलसी अबू दोजाना की कंपनी से करोड़ों में बेच दिया गया। ईडी मनी लांड्रिंग के इस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा सांसद ने कहा कि राबड़ी देवी को 31 लाख रुपये मूल्य की और हेमा यादव को 62 लाख की जमीन दान में देने वाले ललन चौधरी विधान परिषद में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि ललन चौधरी और हृदयानंद चौधरी दरअसल लालू परिवार के काले धन और बेनामी सम्पत्ति को सफेद (वैध) करने का जरिया बने। राजद इन तथ्यों पर राजनीति का पर्दा डालना चाहता है।





# पीसीसी निर्माण कार्य में की जा रही घटिया सामग्री का उपयोग, ग्रामीणों ने किया विरोध

बीएनएम@पताही

प्रखंड क्षेत्र के बेतौना पंचायत के गम्हरिया गांव मे वार्ड नंबर 7 स्थित 15 में वित्त आयोग योजना मध्य एंड टाइड अंतर्गत 5 लाख 80 हजार के लागत से सुरेश राय के घर से रमंग्या राम के घर तक हो रही ईंट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई कार्य में बरती जा रही अनियमितता को लेकर उप मुखिया रौशन सिंह एवं ग्रामीणों के द्वारा विरोध करते हुए संबंधित अधिकारी को जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे पंचायती राज पदाधिकारी रवि भारती के द्वारा योजना की जांच की गई। जांच के दौरान दो नंबर ईंट का पटंजा सोलिंग पर मिट्टी युक्त बालू एवं घटिया सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा था। जिसको देखते हुए कार्य को रोक दिया गया है। वही पंचायती राज पदाधिकारी रवि कुमार भारती ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि पंचायत के मुखिया द्वारा 15वीं वित्त आयोग योजना मद अनटाइड अंतर्गत 5 लाख 80 हजार के लागत से की जा रही सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उक्त सड़क का जांच की गई जांच के दौरान घटिया सीमेंट बालू इत्यादि पाया गया कार्य को बंद करने का निर्देश दिया गया है।

उक्त योजना के संबंध में वरीय पदाधिकारी को कार्रवाई हेतु लिखा जाएगा। वहीं पंचायत के मुखिया रामबाबू कुमार ने बताया कि गम्हरिया गांव में हो रही पीसीसी निर्माण कार्य को ग्रामीणों द्वारा रोक कर संबंधित अधिकारी को सूचना दिया गया था, जिसकी जांच की गई है।



M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# जीविका समूह को सशक्त बनाने को लेकर 15 लख रुपए की लागत से भवन का शीघ्र होगा निर्माण



पताही। जीविका समूह को सशक्त बनाने को लेकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहद पताही प्रखंड के पूर्वी पंचायत के ब्लॉक परिसर के पीछे करीब 15 लाख रुपये की लागत से जीविका ग्राम संगठन भवन का शीघ्र निर्माण किया जायेगा। भवन निर्माण को लेकर बुधवार को मनरेगा जेई संजीव कुमार, पंचायत के मुखिया कृष्ण मोहन सिंह, पीआरएस देवेश कुमार व चुमन सिह ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ भूमिपूजन कर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं लेआउट के कार्य मनरेगा जेई संजीव कुमार के हाथों किया गया। इस दौरान मुखिया कृष्ण मोहन सिंह ने कहा कि गांव- गांव में जीविका दीदी स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर हो रही। जिसमे सरकार की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा यह भवन मॉडल के रूप में बनाई जाएगी। उक्त भवन का निर्माण 15 लाख रुपये से होगी। मौके पर चुमन सिह, मुरारी सिंह, मिंटू सिंह, सतेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## आयरन का गोली खाने से छात्रा बीमार, हड़कम्प

तुरकौलिया। सरकारी स्कूल के छात्र छात्राएं आयरन का गोली खाने से बीमार हो गए। स्कूल प्रशासन और अभिभावकों के बीच हड़कंप मच गया। आनन फानन में सीएचसी में इलाज कराया गया। इलाज कराने के बाद सभी बच्चे घर चले गए। यह मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमोइया का है। राहत की बात है कि सभी बच्चे ठीक-ठाक हैं। बताया जाता है कि दवा खाते ही बच्चे उलटी करने लगे। कुछ छात्रों को पेट में दर्द होने लगा। इसकी सूचना मिलते ही सीएचसी प्रभारी डा० अर्जुन कुमार गुप्ता द्वारा तुरंत स्कूल में एम्बुलेंस भेजकर सभी बच्चे बच्चियों को अस्पताल मंगाया गया। जहां गैस का दवा देकर ओआरएस का घोल पिलाया गया। जब सभी बच्चे ठीक हो गए तो उन्हें घर भेज दिया गया। बच्चे बिल्कुल ठीक हैं। बच्चों ने बताया कि दोपहर 3-4 बजे दवा खाने के बाद। दवा खाने के बाद पेट में दर्द होने लगा और कुछ को उलटी होने लगा। सभी बच्चे 3,4 व 5 वर्ग में पढ़ते हैं। वही सीएचसी प्रभारी डा० अर्जुन कुमार गुप्ता ने बताया कि बच्चे आयरन की गोली खाएं थे। जहां दवा खाते ही इनके पेट में दर्द होने लगा और गैस का शिकार हो गए। इलाज करने के बाद सभी बच्चों को घर पहुंचा दिया गया है। सभी बच्चे तंदुरुस्त हैं। गौरतलब है कि बच्चे की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही सभी अभिभावक भी अस्पताल पहुंच गए थे। जो काफी गुस्से में थे। लेकिन अपने बच्चों को ठीक-ठाक देखने के बाद शांत हो गए और बच्चों को लेकर घर चले गए। करीब दो ढाई घंटे तक अस्पताल में रखकर बच्चों का इलाज किया गया है। जब चिकित्सक के साथ साथ अभिभावक भी संतुष्ट हो गए तो बच्चों को घर भेज दिया गया।



## नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों का शपथग्रहण शनिवार को

**बीएनएम@केसरिया।** प्रखण्ड क्षेत्र के नवनिर्वाचित तीन पंचायत जनप्रतिनिधियों को शनिवार को शपथ दिलायी जाएगी। इसको लेकर संबंधित जनप्रतिनिधियों को इस आशय की प्रति भेज दी गई है। बीडीओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि ढेकहाँ की नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य अनुपमा देवी, ढेकहाँ वार्ड दो की पंच शोभा देवी व पश्चिमी सुन्दरापुर पंचायत के वार्ड छः के पंच राजेश्वर साह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी जाएगी। इसको लेकर प्रखण्ड कार्यालय में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि विगत वर्ष 28 दिसम्बर को इन सीटों के लिए उपचुनाव सम्पन्न कराया गया था। जिसकी मतगणना 30 दिसम्बर को करायी गई थी।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**बीएनएम@केसरिया।** काम करके घर जा रहे मजदूर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई है। घटना मंगलवार की संध्या मनोहर छपरा- सुन्दरापुर सड़क मार्ग के पश्चिमी टोला की है। मृतक मनोहर छपरा का भगीरथ राय (58) था। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भगीरथ सतरघाट के समीप बन रहे पुल निर्माण में मजदूर का कार्य करता था। मंगलवार को काम के बाद वह साईकिल से घर लौट रहा था। इसी बीच घटनास्थल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जहाँ उसकी मौत हो गई।

## मंगलवार को आयोजित होगी पंचायत समिति की विशेष बैठक

बीएनएम@केसरिया। प्रखण्ड प्रमुख पर लगे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 16 जनवरी को पंचायत समिति की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। प्रखण्ड सभा भवन में होने वाली इस बैठक में प्रखण्ड प्रमुख पर लगे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। इस आशय की प्रति संबंधित पंसस को भेज कर इस विशेष बैठक में भाग लेने को कहा गया है। कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि पाँच जनवरी को बीडीसी के आठ सदस्यों ने प्रमुख की कार्यशैली से असंतुष्ट होकर अविश्वास प्रस्ताव के लिए पत्र दिया था। जिसके आलोक में मंगलवार को विशेष बैठक बुलायी गई है।

**शुरुआत** | जिले के सभी सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

# सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण: जिलाधिकारी

**बीएनएम@बेतिया**




आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के निमित आज नगर निगम बेतिया के सभागार में जिले के 292 सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन दिन 10, 11 एवं 12 जनवरी को दो बैचों में संचालित किया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारियों की महती भूमिका और जिम्मेदारी है। निर्वाचन का कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। जिले के सभी सेक्टर पदाधिकारियों को तीन दिनों तक प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। सभी सेक्टर पदाधिकारियों अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निवर्हन सेक्टर पदाधिकारी करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी-दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों को संपादित करना है। निर्वाचन कार्य में छोटी सी भी चूक नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखना है। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव पूर्व, मतदान की पूर्व संध्या एवं मतदान के दिन किन-किन बातों का ध्यान रखना है, विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इसके साथ ही चुनाव प्रबंधन, कानून-व्यवस्था एवं शिकायत प्रबंधन, आदर्श आचार संहिता, चुनाव व्यय की निगरानी, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम-वीवी पैट की कार्यप्रणाली, समन्वय, स्वीप सहित चुनाव के अन्य महत्वपूर्ण पहलूओं से सेक्टर पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





संक्षिप्त समाचार

## जिलास्तरीय राजस्व कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बेतिया।** राजस्व कार्यों का ससमय निष्पादन, लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने के उदेश्य से बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में एक दिवसीय जिलास्तरीय राजस्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्व कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में राधामोहन प्रसाद, विशेष सचिव (सेवानिवृत), बिहार प्रशासनिक सेवा उपस्थित थे। कार्यशाला का शुभारंभ मंत्री गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, आलोक कुमार मेहता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया दिनेश कुमार राय द्वारा मंत्री एवं मुख्य प्रशिक्षक का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री गन्ना उद्योग विभाग, बिहार ने कहा कि कार्यशाला का शुभारंभ कराने हेतु जिला प्रशासन को धन्यवाद। अच्छा महसूस हो रहा है, यह प्रासंगिक है। इस तरह के कार्यशाला से राजस्व कार्यों के निष्पादन में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जिम्मेवारी पूर्वक आम जनता को खुश रखना चाहती है। राजस्व से संबंधित मामले कम से कम हो, इस हेतु कार्रवाई करनी है। उन्होंने कहा कि जनता राजस्व अधिकारियों, कर्मियों से काफी अपेक्षाएं रखती हैं। आपकी जिम्मेवारी के साथ-साथ आपका व्यवहार प्रबंधन बेहतर होना चाहिए। आम जनता के साथ फ्रेंडली व्यवहार करें। समस्याओं को लेकर आने वाले आमजनों को राजस्व नियमों से अवगत कराएं और नियमानुसार समाधान कराएं।

मंत्री ने कहा कि मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित राधामोहन जी ने राजस्व से संबंधित कई दर्जनें पुस्तकें लिखी हैं।

# ऐतिहासिक वास्तुकला के साथ पुरातात्विक महत्व के दर्शनीय धरोहर हैं बेतिया राजकालीन मंदिर: गरिमा

**बेतिया राज के कुल करीब दर्जन भर ऐतिहासिक मंदिरों की सुरक्षा और सुंदरता की रक्षा को बताया एक एक बेतिया वासी की जिम्मेदारी**

बेतिया। दशकों से उपेक्षित नगर पिउनीबाग शिव मंदिर की विशेष साफ सफाई की गई। देशभर में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की धूम मची है। इसी बीच नगर निगम क्षेत्र में स्थित बेतिया राज के विभिन्न मंदिरों की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण की भी मांग जगह जगह से उठने लगी है।

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 22 में स्थित भगवान शिव के ऐतिहासिक पिउनीबाग मंदिर के दशकों से उपेक्षित रहने और विशालकाल मंदिर परिसर में जंगल झाड़ी की ओट में जुआड़ी और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनने की शिकायत स्थानीय लोगों से मिलने के बाद नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया स्वयं बुधवार को दल बल सहित मंदिर परिसर में पहुंचीं और पूरे मंदिर परिसर की विशेष साफ सफाई का अभियान चलाया। ऐसा होते देखकर मंदिर के पुजारी और स्थानीय श्रद्धालुजन भी मंदिर परिसर की साफ सफाई में हाथ बंटाते दिखे।

इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने मौके पर जमा लोगों से कहा कि पूरे देश विदेश में ख्यातिप्राप्त बेतिया राज काल में बने कुल दर्जन भर से भी अधिक सुंदर सुंदर मंदिर ऐतिहासिक होने के साथ उत्तम वास्तुकला और पुरातात्विक महत्व के दर्शनीय धरोहर हैं।

इसकी रक्षा करना और साफ सुथरा रखना एक एक बेतिया वासी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर पंडित उमेश त्रिपाठी, विकाश कुमार, अनुज कुमार, शशिभूषण मिश्रा जी, कृष्णा पाल, हरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

# केविवि में स्वरचित काव्य पाठ सह परिचर्चा का आयोजन

**मोतिहारी।** हिंदी साहित्य सभा, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर स्वरचित काव्य पाठ सह परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि ?कविता की दो धाराएं हैं --लिखित परंपरा और वाचिक परंपरा। वाचिक परंपरा की कविताओं को कमजोर नहीं माना जाना चाहिए। आज भी ऐसी कविताएं रची जा रही हैं। इनका भी उचित मूल्यांकन किया जाना चाहिए।? उन्होंने प्रतिभागी कवियों की कविता पर सारगर्भित टिप्पणी की और कवियों की सराहना की। अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ॰ विमलेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर अपने हिंदी के प्रति प्रेम को दर्शाते हुए कहा कि ?मैं अंग्रेजी पढ़ता-पढ़ाता हूं लेकिन हिंदी मेरी आत्मा है।? कार्यक्रम में शिव कुमार साहू, सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने भी अपनी कविता 'मन' का वाचन किया।



कार्यक्रम का आरंभ हिंदी साहित्य सभा के अध्यक्ष मनीष कुमार भारती के स्वागत वक्तव्य से हुआ। उन्होंने उपस्थिति का स्वागत किया तथा विश्व हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वरचित काव्य पाठ एवं परिचर्चा के अंतर्गत हिंदी विभाग के अतिरिक्त अंग्रेजी, समाजशास्त्र तथा शिक्षा संकाय के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की और अपनी कविताओं तथा वक्तव्यों से इस कार्यक्रम के उद्देश्य को महत्ता प्रदान की।

कार्यक्रम में 15 प्रतिभागियों ने काव्य पाठ किया-शोधार्थियों में सोनू कुमार ठाकुर, महिमा कश्यप, निखिल पांडेय, मनीष दिवाकर, लोकेश पांडेय, सच्चिदानंद, मुकेश कुमार तथा परास्नातक के विद्यार्थी-कुलदीप कुमार, अंशु कुमारी, संजीत कुमार, माधुरी कुमारी, अविनाश कुमार, मुकेश कुमार, ललन कुमार, पंकज कुमार, विवेक कुमार आदि ने अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी साहित्य सभा के सचिव सोनू कुमार ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दी साहित्य सभा के सह सचिव विकास कुमार द्वारा किया गया।










Thursday 11 January 2024

# Editorial

## कौन पहुंचायेगा सरकारी संपत्ति को नुकसान

जिस बात का देश से प्रेम करने वाले हरेक नागरिक को विगत दशकों से इंतजार था, वह अब हो गई है। अब किसी आंदोलन के दौरान कथित आंदोलनकारी सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे। यदि नुकसान पहुंचाया तो उन्हें सख्त सजा होगी। हमारे यहां सरकार से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करने वाले आमतौर पर सरकारी बसों, इमारतों, रेलों और दूसरी सार्वजनिक सम्पतियों को बेशर्मी से तोड़ते रहे हैं। कहना न होगा आजाद भारत में इस कारण से सत्तर सालों में अरबों-खरबों रुपये का नुकसान हुआ। जिन्होंने नुकसान किया उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा। वे दशकों से मौज करते रहे। उनमें से कई बड़े नेता भी बन गए। पर अब आगे किसी ने सरकारी संपत्तियों को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जाएंगे। इसलिए ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से पिछले मंगलवार को संसद में पेश भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 के अपडेटेड वर्जन में आतंकवाद के कृत्यों से निपटने वाली धारा 113 में संशोधन किया गया है। संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाए गए संशोधनों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र में सदन में पेश किए गए भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूरी दी। इसके बाद उन्होंने नए विधेयकों को पेश किया। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(1) में प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति ऐसी मंशा या हरकत करता है, जिससे देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता को नुकसान या खतरा पैदा होता है, या आतंकी घटना की मंशा रखता हो, आतंकी हमले करता हो, इसके लिए बम, हथियार, केमिकल, बॉयोलॉजिकल हथियार और जहर आदि का इस्तेमाल करता हो, जिससे जान-माल का नुकसान हो तो ऐसे मामले में दोषी शख्स को उम्रकैद या फांसी की सजा तक हो सकती है।

## राम मंदिर के माध्यम से हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास

अशोक मधुप




इस समय राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी चल रहीं हैं।अयोध्या सज रहा है। पूरी दुनिया इस भव्य आयोजन को निहारने का आतुर है।दुनिया भर में बसे हिंदुओं के लिए यह गौरव का पल है।मुस्लिम काल से अब तक उनके पूर्वक अब तक मंदिर टूटते देखते आए हैं।यह हिंदुओं की वह पीढ़ी है जो विदेशी आक्रांता द्वारा अयोध्या में बनाई मश्जिद की जगह मंदिर बनता देख रही है। अयोध्या को सजता निहार रही है।उसे इंतजार है उस पल का जब इस मंदिर का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा।इस मंदिर निर्माण और मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद,राष्ट्रीय स्वयं सवेक संघ विश्व के हिंदुओं को आपस में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उसका प्रयास है कि छोटी –मोटी आस्थाओं में फंसे हिंदू राम के नाम पर एक हो। अलग– अलग जाति और संप्रदाय में बंटे सब हिंदू भगवान राम को अपना आदर्श स्वीकारें। एकजुट रहें। साथ भगवान और उनके मंदिर का पूजा में रखने लायक एक चित्र और अन्य आवश्यक जानकारियां भी दी जा रही है।उनका मानना है कि अभी तक का आकलन है कि यह आयोजन विश्व भर में पांच लाख से अधिक मन्दिरों में अवश्य होगा और करोड़ों हिंदू इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों में इस तरह का इतना बड़ा आयोजन नहीं हुआ होगा। विहिप का कहना है कि इस बार विहिप समाज के पास कुछ मांगने नहीं जा रहा है इसलिए इस कार्य में जुटी टोलियां या कार्यकर्ता कोई भी भेंट, दान या अन्य सामग्री स्वीकार नहीं करेंगे। विहिप ने यह भी कहा कि 1984 से चले मुक्ति अभियान में लाखों हिंदुओं की सहभागिता रही है। अनेक मुक्ति योद्धा बलिदान भी हुए हैं या अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके भी परिवार, उनके स्वप्न की इस पूर्ति को देखना चाहते हैं। विहिप ने देश को 45 भागों में बांटकर प्रत्येक भाग के लिए 27 जनवरी से 22 फरवरी के बीच में उस भाग के लिए निश्चित दिन अयोध्या पधारने का निवेदन किया है। ऐसे लगभग एक लाख लोगों के दर्शनों की व्यवस्था की गई है।विहिप ने यह भी आह्वान किया कि 22 जनवरी की पुण्यरात्रि को प्रत्येक हिंदू परिवार कम से कम पांच दीपक अवश्य जलाए और उसके बाद किसी भी दिवस को सपरिवार, ईष्ट-मित्रों सहित अयोध्या दर्शन हेतु पधारें। विश्व हिंदू परिषद को विश्वास है कि भगवान राम का यह मंदिर विश्व में हिंदुओं में समरसता, एकत्व व आत्मगौरव का संचार करेगा और भारत को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए एक राष्ट्र मंदिर बन कर उभरेगा। इसी के अनुपालन में विहप और संघ के कार्यकर्ता ढोलक घंटे और घडियाल बजाते, राम भजन गाते घर –घर जा रहे हैं।उन्हें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण के लिए पीले चावल और निमंत्रण पत्रक भेंट कर रहे हैं। उनसे कह रहे है कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपने घर और आसपास के मंदिर को संजाए। दीप जलांए। दीपावली मनांए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखें। इन कार्यकर्ताओं को आदेश है कि यह कार्य वाल्मीकि , दलित और आदिवासी बस्ती से प्रांरभ करें। प्रत्येक हिंदू के घर जाए। उन्हें आमंत्रण दें। ऐसा ही हो रहा है।

**( लेखक : वरिष्ठ पत्रकार है)**

Today's **Opinion**

## बिल्क़ीस काण्ड : सरकार के मुंह पर एक और 'सुप्रीम' तमांचा



निर्मल रानी

विगत दस वर्षों में अनेक बार विभिन्न मामलों में केंद्र सरकार को आईना दिखाते रहने वाली देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने गत 8 जनवरी को गुजरात के 2002 के बिल्क़ीस बानो सामूहिक बलात्कार व हत्या काण्ड मामले पर अपना एक और ऐतिहासिक फ़ैसला देकर सरकार को इतना असहज कर दिया है कि उसके रणनीतिकारों को मुंह छिपाने लायक़ भी नहीं छोड़ा। ग़ौरतलब है कि फ़रवरी 2002 में हुये गोधरा ट्रेन हादसे के बाद गुजरात के बड़े इलाक़े में फैले मुस्लिम विरोधी दंगों के दौरान अहमदाबाद के पास स्थित एक गांव में दंगाइयों की एक भीड़ ने बिलक़ीस बानो व उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया था। इसी हमले के दौरान बिलक़ीस बानो के साथ गैंगरेप किया गया जबकि वह उस समय पांच महीने की गर्भवती भी थी। बिलक़ीस बानो के साथ गैंगरेप करने के साथ ही उनकी तीन साल की बेटी सालेहा की उसी के सामने बड़ी ही नृशंसता से हत्या भी कर दी गई थी। इस दौरान भड़की व्यापक हिंसा में दंगाइयों द्वारा बिलक़ीस बानो की मां उसकी छोटी बहन और कई रिश्तेदार सहित 14 लोगों की हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद इस मुक़द्दमे की सुनवाई गुजरात के बजाय महाराष्ट्र में की गयी। जिसमें 21 जनवरी, 2008 को मुंबई की सीबीआई की एक विशेष अदालत ने बिलक़ीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के आरोप में इस जघन्य काण्ड में शामिल 11 अभियुक्तों को सबूतों,साक्ष्यों व गवाहियों के आधार पर आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गयी थी। मुंबई उच्च न्यायालय ने भी बाद में सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा अपराधियों को दी गयी आजीवन कारावास की सज़ा को बरक़रार रखा था। ये सभी अपराधी गोधरा जेल में आजीवन कारावास की सज़ा काट रहे थे। 2002 में जिस समय बिल्क़ीस व उसके परिवार के सदस्यों के साथ यह हृदय विदारक घटना घटी उस समय बिलक़ीस की आयु लगभग 20 वर्ष की थी। परन्तु गुजरात सरकार ने बड़े ही आश्चर्य जनक ढंग से 2022 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यानी 15 अगस्त 2022 को इन सभी 11 हत्यारों व बलात्कारियों की सज़ा में छूट देते हुए उन्हें रिहा किये जाने का आदेश दे दिया था। इन सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार की मुआफ़ी योजना के तहत रिहाई दी गई थी। रिहाई के समय सरकार ने इनके नेक चरित्र का प्रमाण पत्र दिया,अदालत के बाहर भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा इन बलात्कारियों को 'संस्कारी ' व 'ब्राह्मण' बताकर इनके अपराधों को कम करने की कोशिश की गयी। इनके जेल से बाहर आने पर जेल के मुख्य द्वार से लेकर कई सार्वजनिक समारोहों में इन कलंकी हत्यारों व बलात्कारियों का फूल माला तिलक के साथ स्वागत किया गया। जिस समय देश में यह सब घटित हो रहा था उस समय भाजपा की तरफ़ से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ' और 'नारी वंदन' जैसी लोकलुभावने 'जुमले ' इस्तेमाल करने वाली इसी सरकार की किसी भी महिला मंत्री या सांसद ने अपनी ज़ुबान नहीं खोली। खोलती भी कैसे जब इन्हें मणिपुर में महिलाओं की नग्न परेड और सामूहिक बलात्कार ने विचलित नहीं किया,यह उसपर भी ख़ामोश रहीं तो 2002 के गुजरात के ज़ुल्म पर इन्हें क्या बोलना था ? बहरहाल,बिल्क़ीस बानो तत्कालीन सांसद महुआ मोइत्रा,सुभाषिनी अली व कई अन्य निडर एक्टिविस्ट के सहयोग से गुजरात सरकार के 15 अगस्त 2022 को इन अपराधियों को रिहा करने के फ़ैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायलय गयीं। और आख़िरकार पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिलक़ीस बानो के साथ बलात्कार करने व उसके परिवार वालों की हत्या करने के उन सभी 11 दोषियों की सज़ा में छूट देकर रिहाई करने के गुजरात सरकार के निर्णय को अपनी सख़्त टिप्पणियों व फ़ैसले के साथ निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फ़ैसले में जो टिप्पणियां की हैं वह सीधे तौर पर केंद्र व राज्य सरकार दोनों को कटघरे में खड़ा करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले के बाद जहां आम लोगों में यह धारणा बलवती हुई है कि बहुमत व बहुसंख्यवाद की राजनीति के दौर में वर्तमान सत्ता कितनी भी अनियंत्रित क्यों न हो जाये परन्तु देश में अदालत और क़ानून का राज अभी भी क़ायम है।

**( लेखक :निर्मल रानी वरिष्ठ पत्रकार है)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# साहित्यिक हलचल

# समाज के ताने बाने से खिलवाड़ करती 'हेट स्पीच'

**डॉ सत्यवान सौरभ**



हेट स्पीच एक समूह, या जाति, धर्म या लिंग जैसी अंतर्निहित विशेषताओं के आधार पर किसी व्यक्ति को लक्षित करने वाले आपत्तिजनक भाषण को संदर्भित करती है, जो सामाजिक शांति को खतरा पैदा कर सकती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, देश में 2014 और 2020 के बीच घृणास्पद भाषण अपराधों में छह गुना वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार दोहराया है कि घृणा अपराधों के नाम पर कोई गुंजाइश नहीं है।

भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म और यह राज्य का प्राथमिक कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को ऐसे अपराधों से बचाए। एक ही बयान, किसी के लिए नफरत फैलाने वाली बात हो जाता है और किसी के लिए बोलने की आजादी।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार इसी उलझन में फंसा रहता है। अपनी बात कहने की आजादी से जुड़े कई कानून हमारे देश में मौजूद हैं और एकता व शांति भंग करने वाले बयानों पर पाबंदी भी है। इन कानूनों का उपयोग और दुरुपयोग दोनों की ही चर्चा होती रहती है।

किसी भी ऐसी बात, हरकत या भाव को, बोलकर, लिखकर या दृश्य माध्यम से प्रसारित करना, जिससे हिंसा भड़कने, धार्मिक भावना आहत होने या किसी समूह या समुदाय के बीच धर्म, नस्ल, जन्मस्थान और भाषा के आधार पर विद्वेष पैदा होने की आशंका हो, वह हेट स्पीच के अंतर्गत आती है।

सहिष्णुता और असहिष्णुता के शोर के बीच यह मामला और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि समस्या के मूल में यही है कि जनता और नेता किसी की बात को सह पाते हैं या नहीं। क्या किसी की बात सहन न होने पर हिंसा भड़क सकती है, इसलिए बयानों पर कानून के जरिए सजा दिलवाकर लगाम लगाना जरूरी है। या फिर अपनी बात कहने की आजादी सभी को है, इस लिहाज से कानून की बंदिश नहीं होनी चाहिए।

समाज में अनुचित व्यवहार भेदभावपूर्ण संस्थाओं, संरचनाओं और मानदंडों को उत्पन्न करते हैं, जो असमान सामाजिक संबंधों को मान्य और बनाए रखते हैं। इससे कुछ लोग दूसरों को हीन और सम्मान के योग्य समझने लगते हैं। साम्प्रदायिक एजेंट अक्सर चुनावी लाभ के लिए धर्म के नाम पर लोगों का ध्रुवीकरण करने के लिए हेट स्पीच का उपयोग करते हैं।

साम्प्रदायिक घृणा फैलाने वाले भाषणों के कारण, भारत ने कई दंगे देखे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की रेंज और गुमनामी उन्हें दुरुपयोग के प्रति संवेदनशील बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नकली समाचार अफवाह फैलाने और हेट स्पीच की बढ़ती घटनाओं को जन्म देते हैं।

साम्प्रदायिक एजेंट अक्सर चुनावी लाभ के लिए धर्म के नाम पर लोगों का ध्रुवीकरण करने के लिए हेट स्पीच का उपयोग करते हैं। साम्प्रदायिक घृणा फैलाने वाले भाषणों के कारण, भारत ने कई दंगे देखे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की रेंज और गुमनामी उन्हें दुरुपयोग के प्रति संवेदनशील बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नकली समाचार अफवाह फैलाने और हेट स्पीच की बढ़ती घटनाओं को जन्म देते हैं।

पीड़ित व्यक्ति/लोग शायद ही कभी प्रतिशोध के डर से या गंभीरता से नहीं लिए जाने के डर से अधिकारियों को घटनाओं की रिपोर्ट करते हैं। यहां तक कि जब मामलों की सूचना दी जाती है, तब भी अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई की कमी के कारण उद्देश्य विफल हो जाता है। भारत में, भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 505 मुख्य प्रावधान हैं, जो भड़काऊ भाषणों और अभिव्यक्तियों से निपटते हैं जो 'घृणास्पद भाषण' को दंडित करने की कोशिश करते हैं।

हेट स्पीच से निपटने के लिए एक अलग कानून की अनुपस्थिति के कारण मौजूद खामियों का दुरुपयोग हुआ है। 2017 में, समिति ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें ऑनलाइन हेट स्पीच को रोकने के लिए सख्त कानूनों की सिफारिश की गई थी प्रत्येक राज्य में एक राज्य साइबर अपराध समन्वय होना चाहिए, जो एक अधिकारी होना चाहिए जो पुलिस महानिरीक्षक के पद से कम का न हो। प्रत्येक जिले में एक जिला साइबर क्राइम सेल होना चाहिए।

इसने 5,000 के जुर्माने के साथ दो साल तक की सजा का प्रस्ताव किया। विधि आयोग की सिफारिशों को लागू करना: विधि आयोग ने अपनी 267 वीं रिपोर्ट में आईपीसी की धारा 153(B) के तहत 'नफरत को उकसाने पर रोक लगाने और कुछ मामलों में डर, अलार्म या हिंसा भड़काने' पर आईपीसी की धारा 505 के तहत नए प्रावधान जोड़कर भारतीय दंड संहिता में संशोधन का सुझाव दिया।

यह बातचीत, मध्यस्थता और मध्यस्थता के माध्यम से हेट स्पीच की समस्या का समाधान करने का एक बेहतर तरीका है। भारत में शिक्षा प्रणाली दूसरों के प्रति सहिष्णुता, करुणा और सम्मान को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। लोगों को विविधता, एक बहुलवादी समाज के महत्व और भारत की एकता में इसके योगदान के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया के उद्भव ने हेट स्पीच के निर्माण, पैकेजिंग और प्रसार के लिए कई मंच तैयार किए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने टीवी बहसों पर हेट स्पीच के संबंध में भी चिंता जताई है। इसलिए इन माध्यमों को विनियमित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए. हेट स्पीच लोकतंत्र के दो प्रमुख सिद्धांतों- सभी के लिए समान सम्मान की गारंटी और समग्रता की सार्वजनिक भलाई, को खतरे में डालती है। मीडिया द्वारा एक आचार संहिता को अपनाने, निजी और सार्वजनिक संस्थानों द्वारा स्व-नियमन और बहुलवाद का सम्मान करने के महत्व और हेट स्पीच से उत्पन्न खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

2020 में हेट स्पीच के मामलों में कन्विक्शन रेट 20.4% था। जिससे यह पता चलता है कि मामले तो दर्ज होते हैं लेकिन सजा नहीं दी जाती, जिससे लोगों के अंदर डर की भावना पनप नहीं पाती और ऐसे ही सामाजिक सद्भाव और समाज के ताने बाने से खिलवाड़ की जाती रहती है।

**कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार,**
**आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट,**

## नमिता गुप्ता मनसी



### प्रेम में संवाद..

सुनों बुद्धू राम !!!!
इतने भी चुप मत रहा करो
कि सबको सुनाई देने लगे !!

क्या बोलूं..
कुछ है ही नहीं..
वहीं रोज़ का काम !
तुम ही कुछ बोलो न,
हमेशा की तरह..

हम्मम,,,
ठीक है..मैं ही शुरू करती हूं,
अच्छा बताओ..
तुमने कभी पीला पत्ता देखा है ?
लो ..देखो,
पता है न
ये अब कभी हरा नहीं होगा ,
ध्यान से पढ़ो इसकी एक-एक लकीर को
मानों इतिहास हो
सभी जाते हुए मौसमों का,

देखो न..
ठीक जहां से छूटा है ये
वहीं से फूटने लगा है
थोऽऽऽड़ा सा हरापन,
हमारा प्रेम भी कुछ ऐसा ही है न
बिल्कुल इस पीले पत्ते की तरह,
है न !!

वह बोला
कुछ देर रुककर..

हम्म.
तो अब क्या जरूरत है शाब्दिक औपचारिकता की,
ये पीला पत्ता ही हमारे प्रेम का संवाद है,,
हैं न !!
समझी नालायक लड़की !!!!!

**मेरठ, उत्तर प्रदेश**

## गरिमा लखनवी



### राम चरित

रामजी ने जन्म लिया,
माता-पिता का मान बढ़ाया धर्म,
मातृभूमि की रक्षा करना,
सबको यह पाठ पढ़ाया,
अपने चरित्र का मान करके,
दुनिया को सही रास्ता दिखाया,




राम जी जैसा पुरुष इस दुनिया में कोई नहीं,

पिता को दिए वचन को उन्होंने पूरा कर दिया,
मर्यादा का हम सबको पाठ पढ़ाया,
पत्नी धर्म का मान बढ़ाया,
राम जी जैसा कोई नहीं,
जो भी उन्हें सेवक मिला,
उसको उन्होंने गले लगाया,
राम नाम का जो जाप करता,
वो दुनिया से तर जाता है,
एक पुत्र पिता राजा का मान बढ़ाया,
उनके चरणों में कोटि कोटि प्रणाम हमारा।।

# लघुकथाः मुलाकात

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**



कालेज में पढ़ने वाली ऋजुता अभी तीन महीने पहले ही फेसबुक से मयंक के परिचय में आई थी। दोनों घंटों चैट करते थे। शुरू-शुरू में दोनों में औपचारिक बातें ही होती थीं।

धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रणय की बातें होने लगी थीं। दोनों एकदूसरे का फोटो भी लेनेदेने लगे थे। मयंक ने एक दिन ऋजुता के सामने विवाह का प्रस्ताव रख दिया। ऋजुता उसकी बातों से काफी प्रभावित थी।

वह उसे अच्छा भी लगने लगा था। इसलिए उसने मयंक से एक बार मिलने की बात कही। मयंक ने भी उसकी बात मान ली।

मिलने के लिए दोनों ने जगह और समय तय कर लिया। एकदूसरे को पहचानने के लिए निशानी भी बता दी थी। तय की गई निशानी के अनुसार ऋजुता ने लाल रंग का सलवार सूट पहना और तय की गई जगह पर पहुंच गई।

मयंक पहले से ही हाथ में बुके लिए खड़ा था। ऋजुता आश्चर्य से उसे देखती रह गई।

मिलने के लिए दोनों ने जगह और समय तय कर लिया। एकदूसरे को पहचानने के लिए निशानी भी बता दी थी। तय की गई निशानी के अनुसार ऋजुता ने लाल रंग का सलवार सूट पहना और तय की गई जगह पर पहुंच गई।

वह कुछ सोच पाती, उसके पहले ही 45 साल का वह अधेड़ आदमी हाथ में बुके ले कर भागते हुए उसके पास आ कर बोला, हाय ऋजुता, कैसी हो? मैं मयंक, यह बुके तुम्हारे लिए।

ऋजुता के तो पैरों के तले से जमीन खिसक गई। उसकी आंखों के सामने अंधेरा सा छा गया।

जेड-436ए, सेक्टर-12,
नोएडा-201301 (उ०प्र०)
मो-8368681336

## सविता राज, मुजफ्फरपुर, बिहार



### चित्र बुजुर्ग कामवाली की

जर्जर हालात,
दीन हीन कृशकाय,
गिरता स्वास्थ्य ,
मैली कुचैली साड़ी,
दो वक्त के निवाले को मोहताज,
आखों में गमों का समुद्र,
नाउम्मीदी से घिरा जीवन,
बेटे बहु की मोहताज,
चार पांच घरों में काम करके,
घर को अपने सींचती थी,
औरों के घरों की,
साफ सफाई करके,
चंद पैसे जोड़ती थी
आज बुढ़ापे ने
छीन लिया सर्वस्व
सबने काम छुड़ा दिया,
वर्षों तक जहां काम किया,
वहां से मिलता न वृद्धाभत्ता,
न कोई पगार,
दाने दाने को हो गई मोहताज,
ये चित्र है समाज में,
बुजुर्ग हो चली कामवालियों की।
सरकार करे या समाज करे,
कोई तो इन बेबस अबलाओं की,
समस्याओं का निदान करे।

# 40 की उम्र के बाद फिट रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट



आधुनिक समय में फिट रहना बेहद कठिन टास्क है। खासकर, 40 की उम्र के बाद सेहतमंद रहना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस उम्र में दिल की बीमारी, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, किडनी और लिवर संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरुरत पड़ती है। इसमें सही दिनचर्या का पालन, उचित खानपान, रोजाना योग और एक्सरसाइज जरूर करें। वहीं, सेहतमंद रहने के लिए डाइट प्लान में व्यापक सुधार करें। लापरवाही बरतने पर बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप 40+ ग्रुप में शामिल हैं, तो सेहतमंद रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट प्लान--हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो 40 की उम्र के बाद व्यक्ति को खाने में दूध, दही समेत डेयरी उत्पादों का कम से कम उपयोग करें। डेयरी उत्पादों से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। वहीं, इस उम्र में मेटाबॉलिज़्म धीमा हो जाता है। इसके लिए सुबह के नाश्ते में डेयरी उत्पादों का कम सेवन करें। वहीं, डाइट में अंडे, ताजे फल आदि चीजों को जरूर शामिल करें।

40 साल के बाद फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इनमें कैलोरी कम होती है। वहीं, फल और सब्जियों में कई गुणकारी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। इसके लिए लंच में फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करें।

शाम के समय स्नैक्स में सूखे मेवे और अंकुरित अनाज यानी स्प्राउट्स का सेवन करें। वहीं, तली-भुनी चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। इससे कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है।

रात के खाने में प्रोटीन रिच फूड चीजों का सेवन अधिक से अधिक करें। एक चीज का अवश्य ध्यान रखें कि कोई भी मील स्किप न करें। वहीं, रोजाना योग, एक्सरसाइज और वॉकिंग जरूर करें। इस डाइट प्लान को फॉलो करने से आप सेहतमंद रह सकते हैं।

# नींद पूरी होने के बाद भी रहती है कमज़ोरी, तो कमी दूर करेंगे ये फूड्स

विटामिन-B12 एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसकी मदद से हमारा शरीर कई तरह के काम करता है, जैसे- डीएनए सिन्थसिस, एनर्जी का उत्पादन और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र कार्य। यह विटामिन कई तरह के फूड्स में पाया जाता है, लेकिन फिर बी12 की शरीर में कमी आम बात है।

इसकी कमी के कारण लोग रात भर की नींद लेकर भी सुबह तरोताज़ा महसूस नहीं करते। सुबह उठते ही उन्हें मॉर्निंग सिकनेस या कमज़ोरी लगने लगती है। सिर्फ इतना ही नहीं खुद को बिस्तर से उठाना तक मुश्किल हो जाता है। विटामिन बी12 की शरीर में कमी खान-पान में कमी या फिर किसी बीमारी के कारण होती है।

एक शोध के अनुसार, 60 साल की उम्र से ऊपर के करीब 20 प्रतिशत लोग विटामिन-बी12 की कमी से जूझते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खाने से विटामिन-बी12 को अवशोषित करने की क्षमता उम्र के साथ घटती जाती है, इसलिए इसकी कमी आमतौर पर उम्रदराज़ लोगों में देखी जाती है।हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे, नौजवान लोग इसकी कमी से नहीं जूझ सकते।

साथ ही यह एक ऐसी कमी है जिसे ज़्यादातर मामलों में नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है या फिर सही तरह से डायग्नोज़ नहीं किया जाता। जिसकी वजह से कमज़ोरी, चक्कर आना, भूख न लगना और हर वक्त थकावट आपको लगातार परेशान करती है। तो ऐसे में आइए जानें कि ऐसे कौन-से फूड्स हैं, जो कमज़ोरी को दूर करने का काम करते हैं।



हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे, नौजवान लोग इसकी कमी से नहीं जूझ सकते। साथ ही यह एक ऐसी कमी है जिसे ज़्यादातर मामलों में नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है या फिर सही तरह से डायग्नोज़ नहीं किया जाता। जिसकी वजह से कमज़ोरी, चक्कर आना, भूख न लगना और हर वक्त थकावट आपको लगातार परेशान करती है। तो ऐसे में आइए जानें कि ऐसे कौन-से फूड्स हैं, जो कमज़ोरी को दूर करने का काम करते हैं।

चिकन, मटन, बीफ में विटामिन-बी12 की अच्छी मात्रा होती है। खासतौर पर ऑर्गन मीट में जैसे लिवर या किडनी में विटामिन-बी12 भरपूर होता है।

दूध और दही, चीज़ जैसे अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स भी प्रोटीन और कैल्शियम के अलावा कई विटामिन्स और खनीज से भी भरे होते हैं, जिसमें बी12 भी शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि अध्ययनों से पता चला है कि आपका शरीर बीफ, मछली या अंडे की तुलना में दूध और डेयरी उत्पादों से बेहतर तरीके से विटामिन-बी12 को अवशोषित करता है।

अंडे भी प्रोटीन के साथ विटामिन-बी, विशेष रूप से बी 2 और बी 12 का एक बड़ा स्रोत हैं। रिसर्च से पता चलता है कि अंडे की जर्दी में सफेद हिस्से की तुलना विटामिन-बी12 की ज़्यादा मात्रा होती है। अंडे की जर्दी में मौजूद बी12 को अवशोषित करना भी आसान होता है। यही वजह है कि सिर्फ सफेदी खान की जगह पूरा अंड़ा खाने की सलाह दी जाती है।

# अंडा वेज या नॉनवेज ?

**अंडा खाना सेहत के काफी लाभदायक होता है। आपने कई लोगों को कहते सुना होगा, 'संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे।' जो लोग नॉनवेज खाते हैं वो तो अंडे आसानी से खा लेते हैं, लेकिन शाकाहारी लोगों के सामने ये काफी दुविधा जनक होता है। आज हम आपका ये कंफ्यूजन खत्म करेंगे। हम आपको बताएंगे कि आखिर अंडा शाकाहारी होता है या मासांहारी।**

## लोगों के हैं तर्क

कुछ लोगों का मानना है कि यह नॉनवेज कैटिगरी में आता है क्योंकि इसे मुर्गी देती है। इस सवाल का जवाब जवाब वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला है। इस पर वैज्ञानिकों ने एक थ्योरी भी दी है, हालांकि कुछ ऐसे लोग भी उनकी इस थ्योरी को सही नहीं ठहरा रहे हैं। इसे लेकर लोगों के अलग-अलग तर्क हैं। शाकाहारी लोग मानते हैं कि अंडा मुर्गी देती है इसलिए वह नॉन-वेज माना जाएगा।

हालांकि लोगों के इस तर्क को विज्ञान झूठा साबित करता है। इसके पीछे वैज्ञानिकों का तर्क है कि दूध भी जानवर से आता है तो वो कैसे शाकाहारी हो गया?

## बाजार में मिलने वाले अंडे होते हैं अनफर्टिलाइज्ड

वहीं कुछ लोगों का मानना है कि अंडे से चूजा निकलता है इसलिए यह मांसाहारी है। जबकि बाजार में मिलने वाले सारे अंडे अनफर्टिलाइज्ड होते हैं। यानी इन अंडों से कभी भी चूजे बाहर नहीं निकलते। इस बात की गलतफहमी दूर करने के लिए वैज्ञानिकों ने भी साइंस के जरिए इस सवाल का जवाब तलाशा है। अगर इस तर्क को मान लिया जाए तो अंडा शाकाहारी हुआ।

## अंडे में होती हैं तीन परतें

अंडे में तीन परते होती हैं। पहली छिल्का, दूसरी सफेदी और तीसरा अंडे की जर्दी यानी योक। योक मतलब पीला हिस्सा। अंडे पर की गई एक रिसर्च के अनुसार इसकी सफेदी में ही सिर्फ प्रोटीन ही होता है। इसमें जानवर का कोई भी हिस्सा मौजूद नहीं होता है। इसलिए



तकनीकी रूप से एग वाइट यानी सफेदी वेज होती है।

## जर्दी में भी होता है प्रोटीन और कोलेस्ट्रोल

एग वाइट की ही तरह एग योक यानी जर्दी में भी प्रोटीन के साथ कोलेस्ट्रोल और फैट अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। अंडा मुर्गी और मुर्गे के संपर्क में आने के बाद ही पनपता है। उनमें गैमीट सेल्स होते हैं जो उसे मांसाहारी बना देते हैं। जबकि बाजार वाले अंडों में ऐसा कुछ नहीं होता है।

मुर्गी 6 महीने होने के बाद से अंडे देने लगती है। वह हर 1 या डेढ़ दिन में अंडे देती है, लेकिन बता दें कि ऐसा बिल्कुल नहीं होता कि मुर्गी किसी भी मुर्गे के साथ संपर्क में जरूर आए।

# सेहत के लिए नुकसानदायक है इन फलों के जूस का सेवन

## 1. नाशपाती का जूस

खट्टे-मीठे स्वाद वाला नाशपाती एंटीऑक्सीडेंट्स व मिनरल्स से भरपूर होता है। लेकिन इसका जूस सेहत के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं होता है। इसकी वजह से इसमें मौजूद सॉर्बिटोल शुगर, जो आसानी से पचती नहीं है। जो अपच, गैसजैसी समस्याओं की वजह बन सकती है।

## 2. अनानास का जूस

अनानास का जूस भी खट्टा-मीठे स्वाद लिए होता है जो लोगों को बहुत पसंद आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इसमें शुगर की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से शरीर में ब्लड का शुगर लेवल बढ़ सकता है। वैसे अनानास के फल में कई तरह के विटामिंस और पोषक तत्व मौजूद जाते हैं जो जूस निकालने से खत्म हो जाते हैं। तो जूस पीने की जगह अनानास खाएं।



## 3. एप्पल जूस

जहां रोज़ाना एक सेब खाना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है वहीं इसका जूस सेहत के लिए किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं होता क्योंकि बाहर इसका जूस बनाते वक्त बीज कई बार निकाला नहीं जाता और इन बीजों में एमिग्डैलिन केमिकल पाया जाता है।

Thursday
11 January 2024

# BNM Fantasy



## नेहा मलिक ने फिर लूट लिया फैंस का दिल

भोजपुरी सिनेमा हॉट एक्ट्रेस नेहा मलिक सिजलिंग, ग्लैमरस और बोल्ड लुक की वजह से सोशल मीडिया में चर्चा में रहती हैं। फैंस उनके बोल्ड और हॉट फोटोज का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। एक बार फिर नेहा ने अपनी तस्वीरों शेयर कर इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। फैंस उनकी कातिलाना अदाओं से नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। नेहा मलिक की ये तस्वीरें दुबई में उनके वेकेशन की हैं। नेहा मलिक ने फ्लोरल प्रिंट ऑफ शोल्डर गाउन में खूबसूरत लग रही हैं। फैंस उनके स्टाइलिश और बोल्ड लुक से उनके दीवाने हो गए हैं।

## द

### दीपिका पादुकोण की तस्वीर ने फिर चुराया रणवीर सिंह का दिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म फाइटर को लेकर हर तरफ छाई हुई हैं. फिल्म का नया गाना बीते दिन रिलीज किया गया है. दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की केमिस्ट्री काफी सुर्खियों में बनी हुई है. लेकिन दीपिका के फैंस उन्हें उनके पति रणवीर सिंह के साथ देखना काफी पसंद करते हैं और दोनों के बीच की ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत लेती हैं. रील लाइफ या रियल लाइफ रणवीर हमेशा दीपिका के जिंदगी में हीरो का किरदार निभाते नजर आते हैं. दरअसल दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की है. एक्ट्रेस की तस्वीर इस कदर हसीन हैं कि हर कोई अपना दिल हार बैठा है. ब्लू कलर की साड़ी में दीपिका बला की खूबसूरत लग रही हैं. ऐसे में एक्टर और पति रणवीर सिंह अपने इमोशन्स पर काबू नहीं रख पाए और दीपिका की तस्वीर पर कमेंट कर डाला. रणवीर ने लिखा, हाय माई जान. इस कमेंट से साफ है कि दीपिका की तस्वीर देख रणवीर का दिल उनके लिए फिर धड़क उठा है. रणवीर सिंह के इस कमेंट ने उनके और दीपिका के फैंस का भी दिल जीत लिया है. रणवीर सिंह अपनी पत्नी पर इसी तरह प्यार लुटाते हुए नजर आते हैं. दीपिका और रणवीर बॉलीवुड की हिट जोड़ियों में से भी एक हैं. दोनों ने साथ में कई हिट फिल्में दी हैं. रामलीला, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी फिल्मों के जरिए इस जोड़ी ने फैंस के दिलों में अपनी जगह बनाई है. वहीं हाल ही में रामलीला के 10 साल पूरे हुए थे.



## घुंघरू पहन अक्षरा सिंह ने जमकर लगाए ठुमके

### नए भोजपुरी गाने का टीजर आउट



अक्षरा सिंह का लेटेस्ट वीडियो रिलीज होने के लिए तैयार है. हाल ही में एक्ट्रेस के अपकमिंग गाने का टीजर लॉन्च हुआ है. इस क्लिप को भोजपुरी फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. वीडियो से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अक्षरा एक बार फिर अपने फैंस को दीवाना बनाने वाली हैं. सोशल मीडिया पर अक्षरा इस वक्त छाई हुई हैं. भोजपुरी की मशहूर अदाकारा अक्षरा सिंह एक बार फिर छाई हुई हैं. हाल ही में उन्होंने अपने अपकिंग गाने का नया पोस्टर शेयर किया है. बता दें अक्षरा का एक नया गाना रिलीज होने वाला है जिसका टीजर सामने आया है. एक्ट्रेस ने पोस्टर शेयर कर टीजर की जानकारी साझा की है. चलिए जानते हैं कौन सा है वो गाना और कैसा है टीजर? अक्षरा सिंह ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है. इसमें एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. लाल रंग के आउटफिट में अक्षरा की खूबसूरत गर्दा उड़ा रही है. लेकिन, उनके आने वाले गाने का टीजर कितना धमाल मचाता है ये तो आप इसे देखने के बाद ही बता पाएंगे. बता दें कि एक्ट्रेस के नए वीडियो सॉन्ग का नाम घुंघरू है जिसका इंतजार अक्षरा के फैंस को बड़ी ही बेसब्री से है. अक्षरा सिंह का धमाकेदार टीजर रिलीज के साथ ही भोजपुरी फैंस के बीच छा गया है. एक्ट्रेस के फैंस इस टीजर क्लिप पर खूब प्यार बरसा रहे हैं. वीडियो में आप देख सकते हैं अक्षरा ने लाल रंग का लहंगा पहन रखा है. साथ ही, घुंघराले बालों में उनकी खूबसूरती का अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है.इस टीजर क्लिप में अक्षरा सिंह को अलग अंदाज में देख कर उनके फैंस बेहद एक्साइटेड हो रहे हैं. उनके गाने का उन्हें बेसब्री से इंतजार है. बता दें कि भोजपुरी इंडस्ट्री में अक्षरा की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है. उन्होंने कई सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर किया है. अब देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले गाने को अक्षरा के फैंस कितना प्यार देते हैं?